# 'डॉ. भानावत का निधन लोक कला जगत की अपूरणीय क्षति'

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान के वरिष्ठ लोक कलाविद् डॉ. महेन्द्र भानावत का निधन सृजनात्मक लोक कला जगत के लिए अपूर्णीय क्षति और दुखद है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व राज्यमंत्री और कला मर्मज्ञ रमेश बोराणा ने भानावत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे राजस्थान सहित देश की लोक संस्कृति के सच्चे संरक्षक और संवाहक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन लोक कला व आदिवासी साहित्य को समर्पित कर रखा था।

वे देश के ऐसे महान लोक कलाविद् थे, जिन्होंने वर्तमान व भावी पीढ़ी को अमूल्य शोध परक लोक साहित्य का अकूत खजाने से अवगत कराया है उनके द्वारा लिखी सौ से अधिक पुस्तकें व दस हजार से अधिक शोधपत्र आलेख राजस्थान के लुप्त हो रहे लोक व आदिवासी जीवन को जानने में सहायक होंगें।

स्व. भानावत सुप्रतिष्ठित भारतीय लोक कला मंडल उदयपुर के निदेशक व राजस्थान संगीत नाटक अकादमी कार्यकारिणी के लंबे समय तक सदस्य रहे हैं। उनका निधन लोक कला साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति है।

बोराणा ने बताया कि उदयपुर के कनौड़ा गांव में जन्मे 87 वर्षीय डा. भानावत पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

कल रात उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. भानावत को राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा विशिष्ट साहित्यकार सम्मान, उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा लोकभूषण पुरस्कार, जोधपुर के पूर्व महाराजा गजसिंह द्वारा मारवाड़ रत्न कोमल कोठारी पुरस्कार, भोपाल की कला समय संस्कृति शिक्षा और समाज सेवा समिति द्वारा 'कला समय लोकशिखर सम्मान', पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर ने दो लाख पच्चीस हजार रूपये का 'डॉ. कोमल कोठारी लोककला पुरस्कार', कोलकाता के विचार मंच ने 51 हजार रूपये का 'कन्हैयालाल सेठिया पुरस्कार' प्रदान किया। इसी प्रकार राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर द्वारा फेलो, उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ द्वारा राजस्थान के थापे, मेंहदी राचणी, अजूबा राजस्थान पुस्तक पर 'पं. रामनरेश त्रिपाठी नामित पुरस्कार', महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन, उदयपुर द्वारा भारतीय परिवेशमूलक लोकसाहित्य लेखन पर 'महाराणा सज्जनसिंह पुरस्कार' तथा भीलवाड़ा में आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में भंवरलाल कर्णावट फाउंडेशन द्वारा सम्मान सहित करीब 80 से ज्यादा पुरस्कार डा. भानावत को मिले।

## कृषक कल्याण शुल्क हटाने की मांग की

**धोरीमना**, (कासं)। धोरीमना कृषि उपज मंडी व्यापार संघ के द्वारा तीन दिवसीय कृषि मंडी बंद को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी भागीरथ राम बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। किसान पुराराम बारासण, हनुमानाराम नेडीनाडी, प्रभु राम खारी, गणेशाराम केकड पूर्ण रूप से कृषि मंडी बंद रही व्यापारी उपस्थित रहे।

ज्ञापन में संघ के सचिव महेंद्र कुमार राठी ने बताया कि कोरोना काल में अस्थाई रूप से कृषि जींस पर कृषि कल्याण शुल्क लागू किया गया था, जो अभी तक नहीं हटाया गया है। इस शुल्क से मंडी के व्यापार पर बहुत ही असर पड रहा है। राजस्थान की सीमावर्ती मंडियो के 80 प्रतिशत कृषि जींस पडोस के गुजरात राज्य में जा रहा है।

# पाली में 2 जगह चोरी, 4 बाइक व 1 पिकअप पार

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में इन दिनों चोर सक्रिय है। बीते कुछ दिनों में दो मकानों के ताले तोड़ चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके साथ ही 5 बाइक, 1 पिकअप गाड़ी भी चुराकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की

पाली शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के मंडिया रोड गांधी नगर निवासी गोपाल देवासी पुत्र प्रतापराम देवासी ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि 6 फरवरी की रात को अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़ लेपटॉप व अन्य सामान चोरी कर ले गए। मंडिया रोड हॉस्पिटल के पीछे भैरूबाग में रहने वाले भलाराम पुत्र ढगलाराम ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि 23 फरवरी की रात को अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़ चांदी के गहने व अन्य सामान चोरी करे ले गए। पुलिस ने दोनों ही मामले दर्जकर जांच शुरू की।

पाली के औद्योगिक नगर थाना एरिया के मानसरोवर नगर में रहने वाले 25 साल के चेतन शर्मा पुत्र श्रीधर शर्मा ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि पाली हिन्दू सेवा मंडल के पास से 22 फरवरी की दोपहर करीब एक बजे अज्ञात चोर उसकी बाइक चुराकर ले गया। नवलखा रोड प्यारा चौक रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र सोहनलाल प्रजापत ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि 22 फरवरी प्यारा चौक क्षेत्र से उसकी बाइक कोई चोरी कर ले गया। औद्योगिक नगर थाने में राजकुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी सर्वोदय नगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि 23 फरवरी को शहीद उद्यान पुष्पा जैन स्मारक के पास उसकी बाइक पड़ी थी। जिसे कोई चुराकर ले गया। रोहट थाने में सुरेंद्रसिंह पुत्र चंदनसिंह निवासी डूंगरपुर ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि 13 फरवरी को उसकी बाइक चुराकर ले गया। पाली के औद्योगिक नगर थाने में सीताराम पुत्र छगनाराम निवासी सरदारसमंद रोड ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि 22 फरवरी की रात्रि को अज्ञात चोर उसकी पिकअप गाड़ी चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामले दर्जकर जांच शुरू की।

# जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक सूरसागर शाखा के भवन का लोकार्पण

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक की सूरसागर शाखा के नए कार्यालय का लोकार्पण हुआ बैंक की सूरसागर शाखा के रिडिया फांटा चौराहा के पास, सूरज बेरा सुरसागर स्थित नए कार्यालय का लोकार्पण बुधवार ,26 फरवरी को प्रात: 11: 15 बजे राज्यसभा सांसद व अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक राजेंद्र गहलोत द्वारा विद्युत फीता काटकर व पट्टिका का अनावरण कर किया गया।

नागरिक सहकारी बैंक के महाप्रबंधक शक्ति सिंह भाटी ने बताया कि प्रारम्भ में प्रात: 8:30 हवन हुआ। राज्यसभा सांसद व अध्यक्ष जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक राजेंद्र गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक का मुख्य उद्देश्य ठााहकों की संतुष्टि व अधिक से अधिक लोन एवं साथ में समय पर वसूली है। उन्होंने बताया कि बैंक ऋण देने के साथ-साथ समय पर वसूली भी करती है ताकि बैंक की स्थिति सुदृढ़ बनी रहे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग नागरिक सहकारी बैंक से जुड़े ताकि बैंक की मजबूती बनी रहे । महापौर व संचालक श्रीमती कुंती परिहार व , प्रबंधीय मंडल के अध्यक्ष निर्मल कछवाह, बैंक के उपाध्यक्ष श्री गणपत सिंह चौहान , शिवदत्त व्यास, श्रीमती नीतू , सुरेश डोसी , कमल किशोर परिहार प्रभाकर टाक ,गिरीश लोढ़ा घनश्याम डागा ,देवराज बोहरा , प्रदीप गांग भी उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रबंध संचालक देवेंद्र अमरावत द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बैंक अच्छे लाभ की स्थिति में है। 4 करोड़ का लोन स्वीकृत किया गया है। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी व कर्मचारी एवं बैंक के सदस्य उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक शक्ति सिंह भाटी ने किया व अजय कुमार वर्मा, किशोर राय राजेंद्र सिंह सांखला ने सहयोग किया

उन्होंने बताया कि सूरसागर शाखा के प्रथम पांच जमा कर्ता ताराचंद कछवाह, किशोर सिंह गहलोत, उम्मेद सिंह सोलंकी , रमेश कच्छवाह , अशोक सांखला , प्रदीप सांखला , प्रवीण सोलंकी , प्रेम सिंह परिहार, जेठाराम सांखला , हिमांशु भाटी ,राधा कृष्ण गहलोत , व प्रथम पांच लोन लेने वाले राजेंद्र कुमार गहलोत का भी साफा, माला व शॉल से सम्मान किया गया। समारोह में पुराने शाखा भवन के मालिक प्रेम सिंह परिहार व नए परिसर मालिक हिमांशु भाटी का स्वागत किया।

## 14356 सहगारी मिर्ची बड़े बनाए

**पाली**, (नि.सं.)। समस्त ब्राह्मण समाज पाली द्वारा आज 26 फरवरी शिवरात्रि पर ब्राह्मण समाज के साथ पाली के सनातनी शिव भक्तों हेतु सहगार के मिर्चीबडे कोफ्ते बनवाए गए। संयोजक प्रदीप दवे ने बताया कि ब्राह्मण समाज सनातन धर्म को बनाए रखने एवं शिवरात्रि व्रत रखने जागरूकता को लेकर सहगार के मिर्ची बड़े पूरी पवित्रता के साथ बनवाकर बाटे गए।

शिवरात्रि के पूरे दिन व्रत रखा जाना चाहिए, शिव आराधना के साथ शिव पूजन एवं व्रत का विधान है। न्यायिक मजिस्ट्रेट परिणय जोशी आर. जे. एस., बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र ओझा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष प्रमोद दवे, ब्राह्मण युवा महासभा के अध्यक्ष कनिष्क शर्मा, सिखवाल समाज अध्यक्ष सोहनलाल व्यास, कान्यकुब्ज समाज अध्यक्ष जयशंकर त्रिवेदी, समाजसेवी रमाकांत मिश्रा, विप्र सेना शहर अध्यक्ष मुकेश नाबरिया ने आदिदेव शिव शंकर एव परशुराम की पूजा अर्चना के साथ आरम्भ किया। सहसंयोजक हरवंश दवे व दिलीप दवे ने बताया कि कल 25 फरवरी रात्रि से इस आयोजन को लेकर कमेटिया बनकर पूर्ण तैयारियों के साथ आज सुबह 10 बजे सायं 6 बजे पूरी टीम जुटी रहा। पुनीत त्रिवेदी, महेश कल्ला, शरद ओझा, नवीन त्रिवेदी, लक्ष्मीकांत कल्ला, प्रेमप्रकाश त्रिवेदी, हरीश जोशी, लोकेश ओझा, विवेक दवे, आशीष सारस्वत, युधिष्ठिर, शेखर लगे रहे।

# रीट परीक्षा पर अधिकारी रखेंगे अपनी नजर

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से शिक्षक भर्ती के लिए रीट परीक्षा का आयोजन 27 और 28 फरवरी को पूरे प्रदेश में किया जाएगा। परीक्षा दो दिन तीन पारियों में आयोजित की जाएगी।

जोधपुर में परीक्षा के पहले दिन गुरुवार को दोनों पारियों में 42 हजार 72 अभ्यर्थी परीक्षा देने आएंगे। शुक्रवार को केवल एक पारी रहेगी। इसमें 22 हजार 927 परीक्षा देंगे।

रीट परीक्षा के पहले दिन 27 फरवरी को पहली पारी सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे के मध्य होगी। इसमें लेवल फर्स्ट के अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए जोधपुर में 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 18834 परीक्षा देंगे। दूसरी पारी लेवल-2 अभ्यर्थी के लिए होगी। इसके लिए 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 23 हजार 238 परीक्षा देंगे।

कुल मिलाकर 49 सरकारी स्कूल और महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। निजी परीक्षा केंद्र एक दर्जन के पास रखे गए हैं। उसमें भी केवल सरकारी कर्मचारी और शिक्षक ही ड्यूटी देंगे। बुधवार को शिवरात्रि का अवकाश होने के बावजूद सभी अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था करते हुए सीनियर आरएएस और सीनियर आरपीएस अधिकारियों को एरिया ऑफिसर बनाया गया हैं, जिनके अधीन 10 परीक्षा केंद्र रहेंगे। इसके अलावा जूनियर अधिकारियों को जोनल अधिकारी बनाया गया हैं, जिनके अधीन पांच परीक्षा केंद्र रखे गए हैं। परीक्षा के लिए दो नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। पहला कलक्ट्रेट में रहेगा और दूसरा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कार्यालय में स्थापित किया गया है।

परीक्षार्थियों को परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रश्न पत्र अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रश्न पत्र वीक्षक को जमा करना होगा। केवल ओएमआर सीट की कार्बन कॉपी अपने साथ ले जा सकेंगे।परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र का दरवाजा बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट भरने के लिए 10 मिनट अतिरिक्त दिए जाएंगे।

## शिविर आज

**पाली**, (नि.सं.)। नया गांव स्थित पाली सेवा मंडल अस्पताल में गुरुवार को आंखों के परदे के रोगों के निवारण हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सेवा मंडल के प्रमोद जेथलिया ने बताया कि गुरुवार को आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय शिविर में रेटिना की जांच कर उसका उपचार किया जाएगा। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर लगेगा।

# 24,748 किसानों ने पंजीकरण करवाया

**जालोर**, (कासं)। एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 24748 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं जिससे 11 अंकों की यूनिक आईडी मिली हैं।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं किसानों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए एग्रीस्टेक डिजिटल कल्चर इनिशिएटिव के तहत एग्रीस्टेक डिजिटल एग्रीकल्चर परियोजना शुरू की गई है।

इसके तहत प्रत्येक किसान का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा।

## नरेगा संवाद आज

**जालोर**, (कासं)। महात्मा गांधी नरेगा योजना से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए 27 फरवरी को प्रात: 11 बजे जिला परिषद हॉल में जिला स्तर पर नरेगा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। नन्दकिशोर राजोरा ने जानकारी दी।

# 27 कृषक जोड़ों को प्रशिक्षण दिया

**जालोर**, (कासं)। उद्यान विभाग जालोर द्वारा "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" (सूक्ष्म सिंचाई) योजनान्तर्गत मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना में 27 कृषक दम्पतियों (कुल 54 कृषक) के लिए एक दिवसीय कृषक दम्पति प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में उद्यान विभाग जालोर के कृषि अधिकारी सी.आर.हाकला ने सूक्ष्म सिंचाई (पीडीएमसी) योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा सूक्ष्म सिंचाई को बढावा देने के लिए सामान्य श्रेणी के कृषकों को 70 प्रतिशत और अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं और लघु-सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। जालोर जिले में फसलों में सूक्ष्म सिंचाई की प्रबल संभावनाएं हैं, कृषक इसे अपनाकर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि कृषकों को सीमित जल संसाधनों में सूक्ष्म सिंचाई का प्रयोग कर कृषि क्षेत्र में बढ़ावा करने तथा बेहतर कृषि प्रणाली अपनाएं।


**संख्याक-6**

**मृतक प्रतिवादी के विधिक प्रतिनिधि को सम्मन**

**(आदेश 22 नियम 4)**

**न्यायालय औद्योगिक न्यायाधिकरण एवम् श्रम न्यायाधीश, उदयपुर मुकाम उदयपुर**

**वाद बाबत विक्रय ईकरार की विशिष्ट पालना**

वादी अब्बास अली

बनाम

प्रतिवादी ठाकुर लाल सिंह वगैरा

सेवामें,
श्रीमती सरोज राठौड़
पत्नि स्व. सुरेन्द्र सिंह राठौड़
पुत्री स्व. ठाकुर लाल सिंह शक्तावत मदारावाला
पता ग्राम रडावास के पास, मारवाड़ जंक्शन,
जिला पाली (राज.)

अब्बास अली वादी ने इस न्यायालय में तारीख 08.10.2013 को ठा. लालसिंह व अन्य प्रतिवादी के विरूद्ध वाद संस्थित किया था। प्रतिवादी की अब मृत्यु हो चुकी है और वादी ने यह अभिकथन करते हुए इस न्यायालय में आवेदन किया कि आप उक्त स्व. ठाकुर लाल सिंह मृतक के विधिक प्रतिनिधि हैं और यह इच्छा प्रकट की है कि उसके बदले में प्रतिवादी बनाया जाए।

आपको सम्मन किया जाता है कि उक्त वाद में प्रतिरक्षा करने के लिए तारीख 03.04.2025 को 10.00 AM बजे पूर्व इस न्यायालय में हाजिर हो और यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थित में किया जायेगा। यह आज दिनांक 25-2-25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

हस्ताक्षर
न्यायाधीश
जिला न्यायाधीश
(श्रम न्यायालय) उदयपुर

मुहर



